भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1442

7 दिसम्बर, 2021 को उत्तरार्थ

राष्ट्रीय सहकारिता विश्वविद्यालय

1442. श्री मोहनभाई कुंडारिया:
श्री दीपसिंह शंकरसिंह राठौड़:

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार एक राष्ट्रीय सहकारिता विश्वविद्यालय स्थापित करने का है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार को वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान (वैमनिकॉम), पुणे को सहकारिता विश्वविद्यालय में स्तरोन्नत करने का कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है
(घ) यदि हां, तो इस पर क्या कार्रवाई की गई है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और इसका शीघ्र समाधान करने में कितना समय लगने की संभावना है?

उत्तर

<u>सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)</u>

(क) और (ख) देश में सहकारी आंदोलन को मजबूती के साथ गहरा करने के लिए एक सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना की आवश्यकता है। ऐसे विश्वविद्यालय के निर्माण में सहकारी क्षेत्र में रुचि रखने वाली कोई संस्था अगर आगे बढ़कर पहल करती है तो उस पर विचार किया जा सकता है ।

(ग) से (ङ): वैम्निकॉम को सहकारी विश्वविद्यालय में परिवर्तित करने सहित सहकारी विश्वविद्यालयों की स्थापना के संबंध में अनुरोध प्राप्त हुए हैं। इस संबंध में सरकार ने अभी तक कोई मत नहीं बनाया है।

****